हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 02 अंक : 53 : जौनपुर, शनिवार 18 नवम्बर 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## डीपफेक वीडियो बनाना चिंताजनक, पीएम मोदी ने अपना किस्सा सुनाया

एजेन्सी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग कर खुद उनका डीपफेक वीडियो बनाने, जिसमें उन्हें गरबा डांस करते और गाना गाते हुए दिखाया गया है, का जिक्र करते हुए कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर डीपफेक वीडियो बनाना चिंताजनक है, इससे समाज में अशांति पैदा हो सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीडिया से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक वीडियो को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का



आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डीपफेक वीडियो समाज में अशांति पैदा कर सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिस तरह से सिगरेट की डिब्बी पर चेतावनी लिखी होती है, उसी तरह से डीपफेक वीडियो पर भी यह लिखा जाना चाहिए कि यह डीपफेक वीडियो है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली, गुजराती नववर्ष और छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठ का पर्व भी अब राष्ट्रीय पर्व बन गया है।

उगते सूर्य की पूजा हर जगह होती है, लेकिन, छठ पूजा हमें डूबते सूर्य की पूजा करना भी सिखाता है। उन्होंने कम उम्र में पत्रकारों की हो रही मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए 40 की उम्र के बाद रेग्युलर मेडिकल चेकअप करवाने की भी सलाह दी। प्रधानमंत्री ने खबरों के मसाले का भी जिक्र करते हुए चुटकी ली कि आजकल खबरों की रसोई में भी भरपूर मसाला है। पांच राज्यों में चुनाव चल रहे हैं, वर्ल्ड कप है और कुछ पत्रकार युद्धभूमि में भी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के महत्व के बारे में बोलते हुए कहा कि इसकी वजह से डिस्ट्रिक्ट लेवल पर खबरें वेरिफाई हो रही है। उन्होंने स्वच्छता के अभियान में मीडिया द्वारा साथ देने के लिए धन्यवाद कहते हुए मीडिया से छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था पर कार्यक्रम करने के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक को लेकर अभियान चलाने की भी अपील की। लोकल फॉर वोकल की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अभी यह सिर्फ दीवाली के दीए तक ही सीमित है, इसका विस्तार करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिना नाम लिए चीन पर प्रहार करते हुए कहा कि हमारे देश के गणेश जी छोटी आंख के तो हो ही नहीं सकते हैं। उन्होंने एक बार फिर से विकसित भारत बनाने के अपने संकल्प को भी दोहराया और मध्य प्रदेश के शहडोल के आदिवासी गांव के अपने दौरे का भी जिक्र किया।

## स्वच्छ्ता और सुरक्षा का मानक बने छठ महापर्व : योगी



एजेन्सी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व को स्वच्छता और सुरक्षा के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा, अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छ्ता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। लोगों की आस्था का यथोचित सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नदियां और जलाशय दूषित न हों। लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक करें। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रात्रि 1–2 बजे से ही श्रद्धालुओं, व्रतियों का आवागमन प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में हर जगह समुचित प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ के बीच स्वच्छ्ता के दृष्टिगगत स्वच्छ घाट प्रतियोगिता भी कराई जानी चाहिए। पर्व पर आतिशबाजी की परंपरा है, ऐसे में यह ध्यान रखें कि भीड़ भाड़ के बीच आतिशबाजी न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाए। इस अवसर पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने लखनऊ की दैनिक सफाई व्यवस्था की समीक्षा भी की और निर्देश दिए कि राजधानी को उसकी गरिमा के अनुरूप स्वच्छ रखा जाना चाहिए। सफाईकर्मियों का भुगतान समय पर हो जाए। जी–20 और जीआईएस के समय जिस प्रकार पूरे महानगर की सजावट की गई थी, उसे स्थायी रूप देने की आवश्यकता है। राजधानी के सभी प्रवेश पॉइंट्स सजाए जाएं। नगरों में ट्रैफिक प्रबंधन पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने ई–रिक्शा, थ्री–व्हीलर के लिए रूट तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी कोई नाबालिग बच्चा ई–रिक्शा न चलाए। अवैध टैक्सी स्टैंड किसी भी दशा में संचालित न होने पाएं। उन्होंने कहा कि राजधानी की लाइफलाइन शहीद पथ को सीसीटीवी से कवर किया जाए।

## ज्ञानवापी मामले में एएसआई ने रिपोर्ट देने के लिए मांगा 15 दिन का समय

एजेन्सी

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से कोर्ट को सौंपने के लिए 15 दिन का और समय मांगा गया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने 21 जुलाई को ज्ञानवापी परिसर (सील वजूखाने को छोड़कर) के सर्वे का आदेश एएसआई को दिया था। 24 जुलाई से एएसआई की टीम ने सर्वे का काम शुरू किया था। 2 नवंबर को एएसआई ने अदालत को बताया कि सर्वे पूरा हो चुका है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए 15 दिन का समय और चाहिए। अदालत ने 17 नवंबर तक सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। केंद्र सरकार के शासकीय अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने बताया कि वाराणसी की जिला अदालत ने सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए 17 नवबंर का समय दिया था।

## ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा

### ओटीएस में किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट : शर्मा

एजेन्सी

लखनऊ। प्रदेश सरकार विद्युत उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर विद्युत बिलों के बकाये पर सरचार्ज में छूट की अब तक की सबसे महत्वपूर्ण एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस का लाभ 08 नवम्बर से दे रही है। इस योजना का 31 दिसम्बर, 2023 तक उपभोक्ता लाभ ले सकेंगे। अभी तक 2.32 लाख उपभोक्ताओं ने योजना के तहत पंजीकरण कराकर 180 करोड़ रूपये से अधिक का बकाया चुकाया है। इस योजना में छोटे घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को सरचार्ज में शत–प्रतिशत की छूट दी जा रही, उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु किश्तों में भुगतान का विकल्प भी दिया गया है। साथ ही बिजली चोरी के मामले में जुर्माने पर 65 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। ओटीएस योजना के पहले चरण में 08 से 30 नवम्बर, 2023 तक बकायेदार उपभोक्ताओं को सर्वाधिक छूट दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि बकाये से मुक्ति के लिए योजना के तहत शीघ्र पंजीकरण कराकर लाभ लें और अपने बकाये के झंझट से हमेशा के लिए मुक्ति पाएं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा आज शक्ति भवन में सभी डिस्काम के साथ ओटीएस योजना, आरडीएसएस योजना, विद्युत आपूर्ति और विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी डिस्काम के एमडी को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप बेहतर विद्युत आपूर्ति के सख्त निर्देश दिये और कहा कि प्रदेश में बिजली की कमी नहीं है, उपभोक्ताओं को अंधेरे में न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ पूजा महापर्व की शुरूआत हो रही है। छठ पूजा घाटों और वहां के रास्तों पर बिजली की पर्याप्त एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। श्रद्धालुओं को कहीं पर भी अंधेरे का सामना न करना पड़े। विद्युत पोलों पर करंट न हो इसकी भी सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में जांच कर लें। सभी छठ पूजा स्थलों पर ओटीएस योजना का व्यापक प्रचार– प्रसार कराया जाय। रजिस्ट्रेशन के लिए स्टाल भी लगाये जाएं। ऊर्जा मंत्री ने सख्त निर्देश दिया कि ओटीएस योजना के तहत 01 अप्रैल से किसानों के निजी नलकूपों में सरचार्ज पर दी जा रही शत–प्रतिशत की छूट पर किसी भी प्रकार की गलतफहमी न फैलायी जाय, नहीं तो ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ओटीएस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार–प्रसार बढ़ाने के लिए बैनर, पोस्टर, छोटे पैम्फलेट, लाउडस्पीकर, मोबाइल संदेश व विज्ञापन आदि का भी प्रयोग करने को कहा। उन्होंने डिस्काम के एमडी को आरडीएसएस योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये तथा कुशीनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने गत माह चलाये गये अनुरक्षण कार्यों के अधूरे कार्यों को भी पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, महाराजगंज के साथ लखनऊ के बाहरी इलाकों में भी बांस–बल्ली के पोल में विद्युत लाइन दौड़ रही। इस व्यवस्था में शीघ्र बदलाव लाने का प्रयास करें। सभी एमडी, चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्र के जन–प्रतिनिधियों से जरूर मिलें, विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उनके सुझावों पर कार्य करें। ऊर्जा मंत्री ने विगत दिनों बस्ती के कप्तानगंज एवं कुशीनगर दौरे के दौरान उपभोक्ताओं की आयी शिकायतों का संज्ञान लेकर बस्ती के मुख्य अभियंता को सख्त निर्देश दिये कि गांवों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर करें, कहीं से भी शाम को व्यवधान की शिकायतें न आएं।

## हमास-इजरायल संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की भारत कड़े शब्दों में निंदा करता है : प्रधानमंत्री मोदी

एजेन्सी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष पर शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही हैं और अब वक्त आ गया है कि ‘ग्लोबल साउथ के देशों को पूरी दुनिया के व्यापक हित में मिल कर आवाज उठानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा आयोजित दूसरे ‘वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट को वर्चुल तौर पर संबोधित करते हुए यह बात कही। ‘ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है, ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इजराइल पर आतंकवादी हमले की निंदा की है।



उन्होंने कहा, '' हम हमास और इजराइल के बीच संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

हमने बातचीत, कूटनीति के साथ–साथ संयम पर भी जोर दिया है। उन्होंने कहा, ''हम देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही हैं। भारत ने विकासशील देशों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और चिंताओं पर आवाज उठाने के लिए जनवरी में ‘वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के पहले संस्करण की मेजबानी की थी। उन्होंने कहा कि ‘वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ 21वीं सदी की बदलती दुनिया को प्रतिबिम्बित करने वाला सर्वश्रेष्ठ मंच है। प्रधानमंत्री ने कहा, '' हम 100 से अधिक देश हैं लेकिन हमारी प्राथमिकताएं समान हैं।

## तकनीकी दृष्टिकोण से मजबूत किया गया मनरेगा मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम

एजेन्सी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि मनरेगा केक्रियान्वयन में और पारदर्शिता लाने के दृष्टिगत नरेगा मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम एनएमएमएस का प्रयोग मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को आन लाइन फीड किया जा रहा है। इस सिस्टम को तकनीकी दृष्टिकोण से और अधिक मजबूत किया गया है। श्रमिकों की आनलाइन अपलोड की गयी उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स के विवरण को देखने हेतु नरेगा की अधिकारिक वेबसाइट दतमहं.दपब.पद के होम पेज एनएमएमएस ऐप बीयू अटेंडेंस नामक बटन उपलब्ध कराया गया है।जिलाधिकारियों, कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को सिस्टम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप अपलोड कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिए गए हैं कि कार्मिको द्वारा कार्यस्थल हेतु जारी प्रत्येक मस्टररोल के लिए 2 फोटो 1–1 क्रमशः पूर्वाहन व अपराहन में एनएमएमएस पर अपलोड की जाएंगी।फोटोग्राफ लेते समय श्रमिकों की कुल संख्या स्पष्ट दिखे व उनकी मुख–दिशा कैमरे की ओर रहे।एनएमएमएस ऐप प्रयोगकर्ता द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि कार्य स्थल पर उपस्थित श्रमिकों की संख्या एवं अपलोड की गयी फोटोग्राफ्स में प्रदर्शित श्रमिकों की संख्या में भिन्नता ना हो।ऐसे स्थल ऊंचाई से फोटो लें, जहां से समस्त श्रमिकों की उपस्थिति परिलक्षित हो सके।कार्यस्थल का स्वरूप व सीआईबी बोर्ड स्पष्ट रूप से फोटो में प्रदर्शित होना आवश्यक है।कैमरा के लैंडस्केप मोड में ही फोटो ली जाए, पोर्ट्रेट मोड में नहीं। सेल्फी फोटो न ली जाए।फोटो लेते समय मोबाइल कैमरा का लेंस बिलकुल साफ रहे तथा पर्याप्त सूर्य प्रकाश में ही फोटो ली जाए।प्रत्येक दशा में पूर्व में ली गयी फोटो की फोटो खींचकर अपलोड न किया जाए ।ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि कि योजना के क्रियान्वयन में श्रमिकों की उपस्थिति में पारदर्शिता पर विशेष बल दिया जा रहा है। एनएमएमएस ऐप के माध्यम से अपलोड की गयी श्रमिकों की उपस्थिति के फोटोग्राफ्स में यदि त्रुटियां कमियां परिलक्षित हुयीं, तो सम्बन्धित कार्मिक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारियों व परियोजना निदेशक,उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिये गये हैं कि दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करायें।

## कांग्रेस पर झूठी गारंटी के साथ कर्नाटक को धोखा देने का आरोप : राव

एजेन्सी

हैदराबाद। तेलंगाना के वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने पांच गारंटी के नाम पर कर्नाटक के लोगों को धोखा दिया है। साथ ही

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस तेलंगाना में छह गारंटी के साथ इसी तरह के धोखे का प्रयास कर रही है। शुक्रवार को यहां तेलंगाना भवन में राज्य में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी में कई नेताओं के शामिल होने के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए, श्री राव ने कांग्रेस पार्टी के शासन के तहत कर्नाटक के लोगों के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पुरानी योजनाओं पर भरोसा करने, बच्चों की छात्रवृत्ति कम करने और विकास परियोजनाओं के लिए धन की उपेक्षा करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की है। मंत्री हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक के लोगों को स्वर्ग का वादा किया लेकिन अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने राहुल गांधी की अनुपस्थिति की ओर इशारा किया, जिन्होंने कर्नाटक में वादे किए लेकिन सत्ता में आने के बाद से राज्य का दौरा नहीं किया है। उहोंने आरोप लगाया कि कर्नाटक को कांग्रेस शासन के तहत वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उन्होंने सवाल किया कि क्या लोग रोशनी की दिवाली चाहते हैं या दिवालिया राज्य चाहते हैं। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से समझदारी से निर्णय लेने का आग्रह करते हुए कहा है कि तेलंगाना के किसान कर्नाटक की स्थिति को करीब से देख रहे हैं और अपनी सरकार के खिलाफ चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मंत्री ने कर्नाटक में गंभीर बिजली कटौती के कारण छह महीने के भीतर 350 किसानों की कथित आत्महत्या पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य को उस मुकाम पर पहुंचाने का श्रेय तेलंगाना के सीएम केसीआर को दिया है जहां किसान गर्व कर सकते हैं। श्री हरीश ने पिछले छह महीनों में कर्नाटक में नौकरी अधिसूचनाओं की कमी की ओर इशारा करते हुए कांग्रेस नेताओं पर कर्नाटक से तेलंगाना तक एक असफल मॉडल लाने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी है कि कांग्रेस पर भरोसा करना दिल टूटने की गारंटी देता है, इसकी तुलना तेलंगाना की स्थिति से करते हुए, जहां किसान कथित तौर पर बीआरएस नियम के तहत संतुष्ट हैं।

## भारत अत्मनिर्भर बनाने का सपना केवल बीजेपी ही कर सकती है पूरी-गडकरी

एजेन्सी

जयपुर। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दावा करते हुए कहा है कि देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने और आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल भाजपा ही पूरा कर सकती है। श्री गडकरी ने शुक्रवार को जयपुर के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए काम करते हुए वह देश के हर एक नागरिक की मजबूती के लिए काम करती है। इसलिए इस चुनाव से ना केवल राजस्थान का बल्कि भारत का भी भाग्य बदलने वाला है। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की। कर्नल राठौड़ ने आज हाथोज, माचवा, चम्पापुरा, रूंझया मोड़, इंदिरा कॉलोनी, भरत अपार्टमेंट, टैगोर नगर, करणी पैलेस, सिरसी मोड़, सिवार, बिन्दायका, मुकुंदपुरा, नटलालपुरा, श्रीरामपुरा, मीणा वाला, धाभास में जनसंपर्क कर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एक और जहां केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार लगातार देश को मजबूत बनाने का काम कर रही है, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच साल कुर्सी बचाने के लिए भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार के चलते सरकार ने जनता की मेहनत की कमाई को जमकर लूटा, प्रदेश में विकास कार्य ठप रहे, भ्रष्टाचार से बनी सड़के पहली बरसात में ही बह गई और प्रदेश की जनता तक पीने का पानी भी नहीं पहुंच पाया। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए ।

## नूंह में धार्मिक अनुष्ठान के लिए जा रही तीन हिंदू महिलाओं पर पथराव

एजेन्सी

गुरुग्राम हरियाणा के नूंह जिले में कथित तौर पर एक मस्जिद से अज्ञात युवकों द्वारा किए गए पथराव में तीन महिलाओं के घायल होने के बाद तनाव फैल गया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार रात करीब 8.25 बजे एक मस्जिद के पास हुई जब महिलाओं का एक समूह नूंह के वार्ड नंबर 10 से कुआं (कुआं) पूजन के लिए जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि जब वे मस्जिद के पास पहुंचीं तो अचानक पथराव किया गया, जिससे वे घायल हो गईं। पीड़ितों का नूंह के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

नूंह पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के दौरान कुछ महिलाओं को चोटें आई हैं। कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

## मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग वोट डाल रहे हैं : चुनाव आयोग

एजेन्सी

पाल। 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा में एकल चरण के चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। चुनाव आयोग ने कहा, श्बड़ी संख्या में लोग वोट डाल रहे हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जो सीहोर जिले के अपने गृह नगर बुधनी से चुनाव लड़ रहे हैं, ने अपनी पत्नी साधना सिंह और बेटे कार्तिकेय चौहान के साथ वोट डाला।

बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी पत्नी आशा विजयवर्गीय के साथ इंदौर–1 में वोट डाला। विजयवर्गीय इंदौर–3 सीट से कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वह 10 साल बाद चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, जो क्रमशः दतिया और नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं, ने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ, जो अपने गढ़ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं, ने अपने बेटे और छिंदवाड़ा–इंदवारा सांसद नकुल नाथ के साथ वोट डाला। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, मध्य प्रदेश के सभी 64,626 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान चल रहा है। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था की गयी है। मतदान केंद्रों पर ठीक सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया।

## सम्पादकीय

# ओटीटी प्लेटफार्मों पर रहेगी सरकार की नजर

ओटीटी प्लेटफार्मों पर जिस तरह का कंटेंट परोसा जा रहा है उस पर समाज के कई वर्ग कड़ी आपत्ति जता रहे हैं। इन वर्गों की राय है कि ऑनलाइन दिखाए जाने से पहले उनकी सामग्री की अश्लीलता और हिंसा के लिए स्वतंत्र रूप से समीक्षा की जानी चाहिए। जबकि भारतीय सिनेमाघरों में सभी फिल्में सरकार द्वारा नियुक्त बोर्ड द्वारा समीक्षा और प्रमाणन से गुजरती हैं, लेकिन ओटीटी प्लेटफार्मों पर स्ट्रीम की गई सामग्री इस प्रक्रिया से मुक्त रहती है। ओटीटी प्लेटफार्मों पर दिखाये जा रहे सीरियलों में सैक्स और वायलेंस की भरमार है। अश्लीलता अपनी सारी सीमाएं पार कर रही है। अब सरकार एक नया कानून ला रही है जिसके चलते ओटीटी प्लेटफार्मों पर भी सरकार की नजर रहेगी। केंद्र सरकार ने नेटफ्लिक्स, डिजनी और अमेजॅन जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों को विनियमित करने के उद्देश्य से एक नए प्रसारण कानून का प्रस्ताव रखा है। मसौदा व्यक्तिगत सामग्री मूल्यांकन समितियों की स्थापना की वकालत करता है। विधेयक इन स्ट्रीमिंग दिग्गजों को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 पर भरोसा किए बिना पूरी तरह से सूचना और प्रसारण मंत्रालय के दायरे में लाने का प्रयास करता है। एमआईबी ने सार्वजनिक परामर्श के लिए प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 पेश किया। इसका उद्देश्य मौजूदा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 को प्रतिस्थापित करना और सभी मौजूदा कानूनों और नीतियों को एक सामंजस्यपूर्ण ढांचे के भीतर सुव्यवस्थित करना है। मसौदा कानून दस्तावेज के अनुसार, "प्रत्येक प्रसारक या प्रसारण नेटवर्क ऑपरेटर को विभिन्न सामाजिक समूहों के सदस्यों के साथ एक सामग्री मूल्यांकन समिति (सीईसी) स्थापित करनी होगी," जो 30 दिनों के लिए सार्वजनिक परामर्श के लिए खुला है। यह कानून केंद्र सरकार को किसी भी ऑनलाइन क्रिएटर या समाचार मीडिया प्लेटफॉर्म को विनियमित करने की शक्ति भी प्रदान करेगा। यह विधेयक सरकार को "प्रसारण सेवाओं के अलावा जो प्रसारण नेटवर्क या प्रसारण सेवाओं से जटिल रूप से जुड़े हुए हैं" सेवाओं को विनियमित करने का अधिकार देता है। प्रस्तावित कानून केंद्र सरकार को सीईसी के आकार, कोरम और परिचालन संबंधी विशिष्टताओं को निर्धारित करने का अधिकार देता है। मसौदा कानून के अनुसार, केवल इस समिति से प्रमाणन प्राप्त करने वाले शो ही प्रसारण के लिए पात्र होंगे। समाज का एक वर्ग कहता है कि भारत में अब 20 करोड़ के लगभग ओटीटी प्लेटफार्म उपयोगकर्ता हैं और जैसे–जैसे भारत में मोबाइल और इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं की संख्या में बढ़ौतरी हो रही है वैसे ही ओटीटी प्लेटफार्मों के उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। इतनी बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं को कंटेंट प्रदान किया जा रहा है उसे भी विनियमित किया जाना जरूरी है। देश की हाईकोर्टों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कंटेंट को लेकर कई मामले दर्ज किए गए हैं। सरकार द्वारा आपत्तिजनक कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए कानून लाया जाना एक सही कदम है या नहीं इस संबंध में समाज के एक वर्ग की राय पूरी तरह विपरीत है। भारतीय एंटरटेनमैंट इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने सरकार द्वारा कानून लाने के कदम की आलोचना की है और उसे पूरी तरह से गलत बताया है। उनका कहना है कि फिल्मों और कहानियों को सैंसर करना अथवा उन्हें नियंत्रित करना एक तरह से विचारों को नियंत्रित करने जैसा है, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। डिजिटल मीडिया को नियंत्रित करने से भारतीय नागरिकों की रचनात्मक स्वतंत्रता प्रभावित होगी तथा इस उद्योग काध विकास रुक जाएगा। फिल्म इंडस्ट्रीज से जुड़े लोगों का यह भी कहना है कि "उदारीकरण के ऐतिहासिक अवसर को बर्बाद किया जा रहा है और सेंसरशिप और सरकारी नियंत्रण का एक पितृसत्तात्मक तंत्र प्रस्तावित किया गया है।" इससे पहले जुलाई में मंत्रालय ने निजी तौर पर नेटफ्लिक्स और अन्य स्ट्रीमिंग सेवाओं से कहा था कि ऑनलाइन दिखाए जाने से पहले उनकी सामग्री की अश्लीलता और हिंसा के लिए स्वतंत्र रूप से समीक्षा की जानी चाहिए। कई विशेषज्ञ संतुलित मार्ग अपनाने का सुझाव देते हैं। इससे पहले सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए नई गाइड लाइन जारी की थी और नए कोड ऑफ एफिक्स पेश किए थे। गाइड लाइन में यह भी कहा गया था कि अगर घकिसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोई आपत्तिजनक कंटेंट डाला जाता है तो उसे सरकारी आदेश के बाद 24 घंटे की समय सीमा के भीतर हटाना होगा। ओटीटी प्लेटफार्मों पर सरकार की नजर रहना अच्छा है या बुरा है इस पर राय अभी बंटी हुई है।

# केनरा बैंक संस्थापक श्री अम्मेम्बल सुब्बा राव पई (19 नवम्बर संस्थापक दिवस) पर केनरा बैंक लखनऊ अंचल कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक सर्व मित्र भट्ट ने सुनाएं प्रेरक प्रसंग



केनरा बैंक संस्थापक - श्री अम्मेम्बल सुब्बा राव पई
(19 नवम्बर संस्थापक दिवस)



सर्व मित्र भट्ट
वरिष्ठ प्रबन्धक
अंचल कार्यालय लखनऊ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। केनरा बैंक लखनऊ अंचल कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक सर्व मित्र भट्ट ने कहा कि श्री अम्मेम्बल सुब्बा राव पई (1852–1909) मंगलौर, भारत के एक अग्रणी वकील थे। वे केनरा बैंक, जो अब भारत का एक प्रमुख बैंक है और मंगलौर में केनरा उच्च विद्यालय के संस्थापक थे। मंगलौर के निकट मुल्की में 19 नवम्बर 1852 को जन्मे अम्मेम्बल सुब्बा राव पई ने सरकारी उच्च विद्यालय, मंगलौर से अपनी आरंभिक शिक्षा की और अपनी मां के असामयिक निधन का उन पर इतना अधिक असर पड़ा कि वे अपनी पढाई को गंभीरतापूर्वक लेने लगे। एफए परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, उनके पिता ने उन्हें उच्च शिक्षा के लिए मद्रास भेज दिया। प्रेसीडेंसी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई के बाद, उन्होंने मद्रास लॉ कॉलेज में नाम लिखाया. वहां वे न्यायाधीश होलोवे के संपर्क में आये, जिनका असाधारण व्यक्तित्व उनके लिए एक लाभकारी अनुभव साबित हुआ।

1876 में, अपने पिता के निधन के बाद, वे मंगलौर चले गये और सफलतापूर्वक कानूनी प्रैक्टिस करने लगे। कहा जाता है कि वे अक्सर अपने मुवक्किलों के लिए अदालत के बाहर सौहार्दपूर्ण समझौते के प्रयास किया करते थे, हालांकि इससे कभी–कभी उन्हें अपनी फीस का नुकसान उठाना पड़ता था। 1891 में चार शिक्षकों ने, जिनसे वे मद्रास में मिले थे, मंगलौर में एक स्कूल खोलने के प्रस्ताव के साथ उनसे संपर्क किया। उसके कुछ समय बाद ही 1894 में, लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने केनरा गर्ल्स हाई स्कूल की शुरुआत की उस जमाने में महिलाओं की शिक्षा के प्रति लोगों की मनोवृत्ति और प्रचलित सामाजिक मूल्यों को देखते हुए यह निश्चित ही एक

प्रगतिशील कदम था।

20वीं सदी की शुरुआत में अर्बुथनट कंपनी की विनाशकारी दुर्घटना से प्रेरित होकर उन्होंने 1906 मेंद केनरा हिन्दू परमानेंट फंड लि. (अब केनरा बैंक) की शुरुआत की, ताकि समुदाय स्वयं अपने संसाधन जुटाने में सक्षम हो सके। गौड़ सारस्वत ब्राह्मण परिषद, जिसके वे एक संस्थापक थे, के तत्वावधान में षारीब लड़कों के शिक्षा कोषष की स्थापना, जीएसबी समुदाय के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदानों में एक थी।

द केनरा हिन्दू परमानेंट फंड के रूप में 1 जुलाई 1906 में 4 कर्मचारियों के साथ 50 रुपये के शेयर और रुपये 2000 की पूंजी के साथ स्व. अम्मेम्बल सुब्बा राव पई द्वारा स्थापित यह छोटा–सा बीज बढ़ते हुए 1910 में केनरा बैंक लि. के रूप में एक लिमिटेड कंपनी बन गया और राष्ट्रीयकरण के बाद 1969 में केनरा बैंक बना। श्री सुब्बा राव पै ने आम लोगों की छोटी छोटी रकम को जमा किया और उस जमा पर ब्याज देना शुरू किया जिससे लोगों में बचत की आदत पड़े। यह कार्य उन्होंने उस समय शुरू किया जब पूरा समाज महाजनों के चंगुल में फंसा हुआ था और ऐसे मे ये कार्य समाज को नई दिशा दिखाने जैसा था, उन्होने जरूरतमंदों को ऋण देकर महाजनी ऋण से मुक्ति दिलाई। संस्थापक द्वारा बनाए गए सिद्धांत में लाभ का नाम नहीं था उन्होने केवल समाज सेवा को ही प्रथम प्राथमिकता दी थी।

एक अच्छा बैंक समुदाय का न सिर्फ वित्तीय हृदय होता है, बल्कि आम लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए हर संभव तरीके से मदद करने का एक दायित्व भी है।ष ए सुब्बा राव पई.

बैंक के बुनियादी सिद्धांत

1. अंधविश्वास और अज्ञानता को दूर करना ।. पहले सिद्धांत की तामील के लिए सबके बीच शिक्षा का प्रसार करना ।

3. मितव्ययिता और बचत की आदत विकसित करना।

4. वित्तीय संस्थान को न सिर्फ समुदाय के वित्तीय हृदय या केंद्र में, बल्कि सामाजिक हृदय या केंद्र के रूप में भी तब्दील करना।

5. जरूरतमंदों की सहायता करना।

6. सेवा और समर्पण की भावना के साथ काम करना।

7. आसपास के मनुष्यों के लिए सहानुभूति विकसित करना और कठिनाईयों तथा कष्टों को दूर करने ध उनमें परिवर्तन लाने के नजरिये से परिवेश के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना ।

ठोस बुनियादी सिद्धांत, प्रबुद्ध नेतृत्व, अद्वितीय कार्य संस्कृति और बदलते बैंकिंग माहौल के लिए उल्लेखनीय अनुकूलनशीलता ने केनरा बैंक को वैश्विक मानकों पर एक अग्रणी बैंकिंग संस्था बनने

में सक्षम बनाया

केनरा बैंक भारत की एक प्रमुख वाणिज्यिक बैंक है। भारत में इसकी स्थापना 1906 में, श्री अम्मेम्बल सुब्बा राव पई, एक महान दूरदर्शी और परोपकारी द्वारा की गयी थी इस नाते यह भारत के सबसे पुराने भारतीय बैंकों में से एक है। करीब 10000 बैंक शाखाएँ और कार्यालय मे 87000 कर्मचारियों के साथ आज केनरा बैंक भारत की तीसरी अग्रणी बैंक है। आज बैंक का कुल व्यवसाय 22 लाख करोड़ से भी ज्यादा है, जिसके पीछे कर्मठ बैंक कर्मचारियों और उच्च कार्यपालकों का अनुशासन, लगन और कुशल व्यवहार है, जिसने बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान कर ग्राहकों का दिल जीतने का काम किया। अभी तक 9675 शाखाओं के नेटवर्क की मदद से बेहतर ग्राहक सेवा देने से ग्राहकों के मुख प्रचार से और ग्राहक जुडते चले गए और जून 2023 तक 11.10 करोड़ ग्राहकों का कारवां बन गया। आज 12165 ए टी एम की मदद से बैंक के ग्राहकों के साथ साथ अन्य वित्तीय संस्थाओं के ग्राहकों को सेवा प्रदान करने में बैंक सफल रही है।

किसान क्रेडिट कार्ड ऋण योजना की शुरुआत केनरा बैंक ने ही शुरु की थी, उस समय सभी अन्य बैंक के बीच ये धारणा बनी की केनरा बैंक कृषक ऋण देने के बाद शीघ्र ही डूब जाएगा किन्तु बैंक की किसान ऋण की सफलता को देखकर अन्य बैंक भी इस क्षेत्र में उतरने लगे। आज किसान क्रेडिट कार्ड ऋण ब्याज पर सरकार छूट भी प्रदान कर रही है।

केनरा बैंक की विभिन्न जमा योजना के अंतर्गत 52 उत्पाद हैं, खुदरा ऋण में 30, कृषि ऋण

मे 48, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एम एस एम ई) में 24, सरकार द्वारा प्रायोजित योजना

के तहत 32, बैंक कर्मचारियों के लिए 8, डिजिटल उत्पाद – 44, विदेशी विनिमय में 27,

प्लास्टिक करेंसी (डेबिट – क्रेडिट) काईस–9, सरकारी व्यापार उत्पाद – 16, कॉर्पोरेट बैंकिंग

मे 7, गैर वित्तीय योजना मे 6 उत्पाद तथा सामान्य उत्पाद– 6 के साथ आज बैंक ने 365

करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया।

बैंक का आदर्श वाक्य ष्टू गेदर वी कैनष (एक साथ हम कर सकते हैं)। इस बात को दर्शातामे 48454 के तहत 32, बैंक कर्मचारियों के लिए 8, डिजिटल उत्पाद – 44, विदेशी विनिमय में 27, प्लास्टिक करेंसी ( डेबिट – क्रेडिट) कार्ड्स–9, सरकारी व्यापार उत्पाद – 16, कॉर्पोरेट बैंकिंग मे 7, गैर वित्तीय योजना मे 6 उत्पाद तथा सामान्य उत्पाद–6 के साथ आज बैंक ने 365 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया।

बैंक का आदर्श वाक्य टू गेदर वी कैन (एक साथ हम कर सकते हैं)। इस बात को दर्शाता

है कि कोई भी संस्था का अकेले में कोई अस्तित्व नहीं होता, ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने तथा कर्मचारियों के संस्था और ग्राहकों के प्रति समर्पण भाव से ही संस्था आगे बढ़ती है।

आइये आज बैंक की स्थापना दिवस पर हम सभी मिलकर इस संस्था को और आगे बढ़ा कर उच्च श्रेणी मे लाये और एक बार फिर से इस बात को सार्थक करें की ष टू गेदर वी कैन ।

# घृणा और हिंसा का इजहार क्यों?

राजस्थान में एक चुनाव प्रचार सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वे चुनाव जीतने के लिये किसी भी तरह की भाषा का इस्तेमाल कर सकते हैं और किसी भी हद तक जा सकते हैं। बुधवार को राजस्थान के बायतु (बाड़मेर) में आयोजित सभा में मोदी ने हमेशा की तरह घिसे–पिटे मुद्दों पर वहां अशोक गहलोत के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने उस कथित लाल डायरी का फिर से हवाला देते हुए मतदाताओं से अपील की कि वोट देने जाएं तो इतनी जोर से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल का बटन दबाएं मानों उन्हें (कथित भ्रष्टाचारियों को) फांसी दे रहे हों। यह मोदी की विरोधियों के प्रति घृणा व हिंसक प्रवृत्ति दोनों की ही ओर संकेत करता है। यह भाषण मोदी के उन भाषणों की श्रृंखला की ही एक कड़ी माना जा सकता है जिनमें वे लोकतंत्र की उनकी समझ का आभास देते हैंय साथ ही यह भी दर्शा देते हैं कि उन्हें अपने पद की गरिमा और प्रतिष्ठा का बिलकु ल



ख्याल नहीं है। उनके इस भाषण में कई बातें बतलाई गयीं। मसलन, कि राजस्थान में बहुत भ्रष्टाचार है, कानून–व्यवस्था इतनी ध्वस्त हो चुकी है कि पिछले पांच साल से राजस्थान के लोग हंगामों, पत्थरबाजी, कर्फ्यू आदि के चलते कोई भी पर्व–त्यौहार शांति से नहीं मना सके हैं। आतंकियों, दबंगों व दंगाइयों के बुलन्द हौसलों का कारण उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को बतलाया। फिर, उनके मुताबिक इस राज्य में महिलाएं इतनी असुरक्षित हैं कि रात को घर से निकल नहीं सकतीं, बच्चियां तक निरापद नहीं हैं। मोदी के अनुसार अपराधियों के हौसले इसलिये बुलन्द हैं क्योंकि मुख्यमंत्री ऐसे हैं जो बलात्कार को फर्जी बतला देते हैं।

कांग्रेस को हटाना व भाजपा की सरकार को लाना उन्होंने इसलिये जरूरी बताया कि ऐसा करने से ही राजस्थान की संस्कृति सुरक्षित रहेगी। उन्होंने यह भी बतलाया कि उनके द्वारा दिल्ली से जो जल जीवन मिशन की राशि भेजी जाती है वह सरकार खा जाती है और इस तरह कांग्रेस सरकार पुण्य के काम में भी पैसे कमाने का व्यवसाय तथा भ्रष्टाचार करती है। इन दिनों मोदी का सबसे प्रिय विषय कथित लाल डायरी है जिसका उल्लेख वे राजस्थान के अपने हर दौरे पर अथवा उसका उल्लेख आने पर करते हैं। इस बार भी लाल डायरी का उल्लेख उनके भाषण में आया ही। उनका दावा था कि कांग्रेसी चाहे लाल डायरी को फर्जी बताते हैं, पर अब उसके पन्ने सामने आ गये हैं। मोदी ने कहा कि इस लाल डायरी के परिप्रेक्ष्य में अब एक भी कांग्रेसी प्रत्याशी नहीं जीतना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान तक किया कि जब भी कोई कांग्रेसी उनके पास वोट मांगने आये तो उससे लाल डायरी के बारे में पूछा जाना चाहिये। उनके अनुसार श्राजस्थान के बैंक के लॉकरों में लूटा हुआ रुपया और सोना मिल रहा है। जिस तरह से कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान को तोड़–मरोड़कर पेश किया जाता रहा, उसी तर्ज पर मोदी ने भी बहुत हल्केपन से कहा कि श्यह सोना आलू से नहीं बना है। वरना कांग्रेसी कह देंगे कि हमने आलू से बनाया है। ऐसे लॉकर और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह पहली कार्रवाई करे। मोदी का भाषण बतलाता है कि उन्हें चुनाव जीतने के लिये न तो भाषायी मर्यादा की चिंता है और न ही तथ्यों के साथ बात करने की आवश्यकता है। वे चुनाव जीतने के लिए हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। राजस्थान में बार–बार लाल डायरी की आधारहीन बात करना लगभग वैसा ही है जिस प्रकार वे छत्तीसगढ़ में आकर भूपेश बघेल की सरकार को बगैर तथ्यों या प्रमाणों के भ्रष्ट कहते हैं। बघेल पर उनका आरोप यह है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं व पार्टी के लिये एटीएम बनाकर रख दिया है। यानी यहां से खूब सा पैसा दिल्ली भेजा जाता है। हालांकि यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों, खासकर प्रवर्तन निदेशालय व आयकर का मनमाना उपयोग विरोध को दबाने के लिए हुआ है, वह तो सामने है ही, उलटे यहां भाजपा ही भ्रष्टाचार के कई मामले में फंसी हुई दिख रही है। यहां के एक भाजपा प्रत्याशी के कथित वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि जब यहां भाजपा सरकार थी तो यहां से पैसा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उनकी पत्नी एवं अमित शाह तक जाता था।

# गुरुता में गिरावट

भारतीय जीवन दर्शन में गुरु का इतना बड़ा स्थान रहा है कि विद्यार्थी तब असमंजस की स्थिति में होता है जब गुरु व गोविंद दोनों सामने खड़े होते हैं। वह पशोपेश में होता है कि गुरु व भगवान में से किसे पहले नमन करूं। यानी गुरु का स्थान ईश्वर तुल्य माना गया है। ऐसे में यदि कोई शिक्षक यौन कुंठा से ग्रसित होकर संतान तुल्य छात्राओं को यौन लिप्सा का शिकार बनाता है, तो यह अपराध के अलावा समाज में एक गहरे विश्वास का खंडित होना भी है। कितना विश्वास करते हैं लोग गुरुओं पर। पूजते हैं उन्हें। जींद के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल के उच्छृंखल यौन व्यवहार की खबरों ने हर किसी अभिभावक को विचलित किया। इस मामले के सार्वजनिक विमर्श में आने के बाद कुछ छात्राओं की संदिग्ध स्थितियों में मौत ने इस संकट के विस्तार को दर्शाया है। हालांकि, छात्राओं से अश्लील व्यवहार करने वाले प्रिंसिपल की गिरफ्तारी हो चुकी है और उसे निलंबित किया जा चुका है। लेकिन इस प्रकरण से गुरु–शिष्या के पवित्र रिश्ते को जो आंच आई है, उसकी भरपाई शायद ही हो पाए। यूं तो किसी भी पेशे में ऐसी काली भेड़ें एक–दो ही होती हैं, लेकिन क्या किया जाए एक मछली पूरे तालाब को गंदा भी तो करती है। बहरहाल, इस मामले में नित नये खुलासे हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस कुकृत्य में कुछ अन्य शिक्षक व कर्मचारी भी शामिल रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग स्वयं सेवी संगठन कर रहे हैं। उनका कहना है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य मामले में गहन जांच की मांग करते हैं। दरअसल, इस मामले में विवाद तेज होने के बाद जींद के उपायुक्त द्वारा गठित यौन उत्पीड़न निवारण समिति ने प्रिंसिपल को कई मामलों में दोषी पाया। फिर चार नवंबर को पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच के बाद प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया था। निस्संदेह, इस मामले में कानून अपना काम कर रहा है, लेकिन इस प्रकरण में होने वाले नये खुलासे परेशान करने वाली तस्वीर पेश करते हैं। पीड़ित छात्राओं ने पहले राष्ट्रीय महिला आयोग को एक पत्र लिखा था। जिसके बाद इस मामले में विभागीय सक्रियता सामने आई। लेकिन सवाल उठता है कि क्यों स्थानीय स्तर पर उनकी शिकायतों को अनसुना किया जाता रहा है। बताया जाता है कि यौन दुर्व्यवहार का यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। कुछ छात्राओं से इस असामान्य व्यवहार की शिकायत अभिभावकों से करने के बाद उनका स्कूल बंद कर दिया गया था। तो बेटियां कैसे पढ़ेंगी, कैसे आगे बढ़ेंगी? वहीं एनजीओ से जुड़े कुछ कार्यकर्ता आरोप लगा रहे हैं कि इस प्रकरण में परिस्थितिजन्य साक्ष्य खासे आपत्तिजनक हैं। आरोप है कि स्टाफ के कुछ अन्य सदस्य इस कुत्सित खेल में शामिल रहे हैं। वे इस मामले में कानूनी जांच के दायरे में नहीं लाए गए हैं। यह भी तथ्य सामने आया था कि प्रिंसिपल के कमरे की खिड़कियों में काले रंग की फिल्म लगायी गई थी। वहीं सीसीटीवी कैमरे के दायरे में उसकी कुर्सी को कवर नहीं किया गया था। इसके अलावा उसके अपने कमरे में सीसीटीवी एक्सेस कंट्रोल सिस्टम स्थापित किया गया था। सवाल उठाये जा रहे हैं कि शिक्षा विभाग की लापरवाही से निर्दोष लड़कियों को यौन दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ा है। आरोप है कि अभियुक्त की पिछली तैनाती के दौरान भी दुष्कर्म के आरोप लगे थे। उसके बावजूद विभाग ने उसकी कारगुजारियों पर नजर नहीं रखी। बल्कि निरंकुश व्यवहार का मौका दे दिया। सवाल स्कूल के अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों पर भी उठा है कि इस घटनाक्रम के बावजूद वे मूक दर्शक बने रहे? विभाग ने तब भी सजगता नहीं दिखायी जब प्रिंसिपल कुछ अन्य शिक्षकों के साथ पचास छात्राओं को दूसरे शहर घुमाने ले गया था। बताते हैं कि इस बाबत छात्राओं पर कुछ न बोलने का दबाव भी डाला गया। सामाजिक संगठन इस मामले में गहन जांच की मांग कर रहे हैं।

# आलोचना की भी सीमा होनी चाहिए

अजीत द्विवेदी

भारत का एक प्राचीन नीति श्लोक है– अति सर्वत्र वर्जयेत्! कई जगह इसकी विस्तार में व्याख्या मिलती है। एक व्याख्या के मुताबिक अति रूपवती होने की वजह से सीता का हरण हुआ, अति अहंकारी होने की वजह से रावण का वध हुआ और अति दानशील होने की वजह से राजा बलि को अपना सब कुछ गंवाना पड़ा। इसलिए अति से बचना चाहिए और हर कार्य में संतुलन बनाए रखना चाहिए। भारतीय जीवन दर्शन में हर तरह के अतिरेक से बचने की सलाह दी गई है और कहा गया है कि किसी भी चीज की अति व्यक्ति के गुणों को भी दुर्गुण में बदल देती है। किसी भी चीज की अति मर्यादा के उल्लंघन में बदल जाती है। जीवन का यह सूत्र राजनीति में भी लागू होना चाहिए और हर राजनेता को चाहे वह कितना भी बड़ा यो छोटा क्यों न हो उसे इस सिद्धांत का पालन करना चाहिए। अपने विपक्षियों की आलोचना करते हुए भी संयमित होना चाहिए और एक सीमा का पालन करना चाहिए।

साढ़े नौ साल तक प्रचंड बहुमत के साथ निर्बाध सत्ता चलाने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पीछे पीछे पार्टी के दूसरे नेता कांग्रेस की जैसी आलोचना करते हैं वह अक्सर अनुपात से ज्यादा और दायरे से बाहर दिखती है। कांग्रेस को भले लोकसभा में 10 फीसदी सीटें नहीं मिली हैं और इस वजह से उसे तकनीकी रूप से मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा नहीं मिला है लेकिन वह देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। लोकसभा में उसका स्थान है और देश के चार राज्यों में उसी सरकार है। वह अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ देश के तीन बड़े राज्यों में सरकार में शामिल है और सात–आठ राज्यों में मुख्य विपक्षी पार्टी है। ऐतिहासिक रूप से पार्टी ने आजादी की लड़ाई और उसके बाद आजाद भारत के शुरुआती दिनों में देश के निर्माण में एक भूमिका निभाई है, जिसे कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वीकार किया है। कुछ दिन पहले ही संसद के विशेष सत्र में उन्होंने आजादी के 75 साल के दौरान देश को बनाने में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान की सराहना की थी। दूसरी ओर विपक्ष को प्रधानमंत्री की आलोचना में संयम बरतना चाहिए। नरेंद्र मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री रहते कांग्रेस ने दायरे से बाहर जाकर जो आलोचना की थी उसने उनके लिए दिल्ली की राह आसान कर दी। उसी तरह अब जिस अंदाज में उनको अडानी के लिए काम करने वाला बता कर निजी हमले हो रहे हैं उसे भी स्वस्थ राजनीतिक आलोचना नहीं कह सकते।

बहरहाल, इस बात को भी सभी स्वीकार करते हैं कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक मजबूत विपक्ष का होना जरूरी है। सो, कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष है, जिससे रचनात्मक भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है। भाजपा उसकी प्रतिद्वंद्वी पार्टी है और उसे पूरा अधिकार है कि वह कांग्रेस की आलोचना करे। चुनाव प्रचार के दौरान उस पर आरोप लगाए और लोगों से उसे वोट नहीं देने की अपील करे। लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की आलोचना की भी एक मर्यादा होती है, सीमा होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आलोचना के नाम पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अपनी सभाओं में कांग्रेस के लिए कह रहे हैं कि वह देश विरोधी ताकतों से मिली हुई है और वह आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखती है। ये कोई साधारण आरोप नहीं हैं।

भारत में या दुनिया के किसी भी देश में विपक्षी पार्टियों पर जो आरोप लगते हैं वे एक दायरे में होते हैं। कांग्रेस पर भी इस दायरे में आरोप लगते हैं– जैसे वह भ्रष्ट है, परिवारवादी है, उसने कोई काम नहीं किया, उसने जनता को धोखा दिया, वह एक जाति या समुदाय का तुष्टिकरण करती है आदि आदि। ये सभी राजनीतिक आरोप हैं। ये ऐसे मामले हैं, जिन्हें आरोप लगाने वाली पार्टी अदालत में नहीं ले जाती है। इन पर अंतिम फैसला कानून के जरिए किसी अदालत में नहीं होता है, बल्कि जनता करती है।

## आज का राशि फल

मेष :– कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

बृषभ :– हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार–विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

मिथुन :– निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं।

कर्क :– भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा–बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

सिंह :– पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्या :– छोटी–छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे–संबंधियों के सुख–दुख के प्रति चिंतित होगा।

तुला :– वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

वृश्चिक :– जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं।

धनुः– किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

मकर :– बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला–जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

कुंभ :– शासन–सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान–प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

मीन :– महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद 12 हजार का अर्थदण्ड

## चाकू की नोक पर डरा धमकाकर किया था दुष्कर्म

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) काशी प्रसाद सिंह यादव की अदालत ने 2 वर्ष पूर्व नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 12000 अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन कथानक के अनुसार सिकरारा थाना क्षेत्र का निवासी वादी मुकदमा ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 1 फरवरी 2021 को रात 8रू00 बजे उसकी 16 वर्षीय बहन पेशाब करने के लिए घर के पीछे गई थी वहां पहले से घात लगाकर बैठे विकास यादव उसे जबरदस्ती डरा–धमकाकर अपने साथ भाग ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। 2 फरवरी 2021 को दोपहर 1:00 बजे उसकी बहन को उसके गांव में लाकर छोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दिया कि किसी को बताना मत। उसके पिता अशोक यादव ने धमकी दिया था कि यदि थाने में एफआईआर करवाओगे तो पूरे परिवार को मारकर खत्म कर देंगे। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक राजेश उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी विकाश यादव को नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दोष सिद्ध पाते हुए 3/4 पॉक्सो ऐक्ट के अंतर्गत 10 वर्ष के कठोर कारावास व 12000 अर्थदंड से दंडित किया।

# बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुर्नवासन हेतु जनपद मे 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा:-जिलाधिकारी




हरदोई (अंबरीष कुमार सक्सेना) जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुर्नवासन हेतु 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2023 तक विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुर्नवासन हेतु जनपद मे 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2023 तक विशेष अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद मे उपलब्ध श्रम विभाग व अन्य विभागों के अधिसूचित निरीक्षकों के माध्यम से बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु एक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के सफल परिणाम हेतु बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं अन्य विधि सम्मत कार्यवाही हेतु जनपद मे तहसीलवार टास्क फोर्स का गठन किया जाता है। इस अभियान मे नामित उपजिलाधिकारी इस अभियान के अध्यक्ष होगें तथा अन्य अधिकारी इस अभियान के सदस्य होगें। उन्होंने बताया कि 20 नवम्बर से 21 नवम्बर 2023 तक तहसील सदर क्षेत्र तथा 22 व 23 नवम्बर तक रेलवेगंज स्टेशन रोड़ मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उप जिलाधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी सुरसा, नायब तहसीलदार सदर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सदर तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को नामित किया गया है। इसी तरह 25 नवम्बर को तहसील सण्डीला व कछौना क्षेत्र मे अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उपजिलाधिकारी सण्डीला, खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को नामित किया है। 28 व 29 नवम्बर 2023 तक तहसील शाहाबाद व पिहानी क्षेत्र मे अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उपजिलाधिकारी शाहाबाद, खण्ड विकास अधिकारी शाहाबाद, नायब तहसीलदार शाहाबाद, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील शाहाबाद तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को नामित किया गया है। 30 नवम्बर व 01 दिसम्बर 2023 तक सवायजपुर व साण्डी क्षेत्र मे अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उपजिलाधिकारी सवायजपुर, खण्ड विकास अधिकारी सवायजपुर, नायब तहसीलदार सवायजपुर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सवायजपुर तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया है। 2 से 04 दिसम्बर 2023 तक तहसील सण्डीला के अतरौली से बेनीगंज क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा। इसमें उपजिलाधिकारी सण्डीला, खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया हैं। 05, 06 व 07 दिसम्बर 2023 तक तहसील बिलग्राम, माधौगंज व मल्लावां क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा। इसमें उपजिलाधिकारी बिलग्राम, खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम, नायब तहसीलदार बिलग्राम, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलग्राम तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया है। 08 से 09 दिसम्बर 2023 तक सण्डीला, बेहन्दर व कछौना क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा। इसमें उपजिलाधिकारी सण्डीला, खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया हैं। इस अवधि मे श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई संयुक्त रूप से बाल श्रमिकों का चिन्हांकन करने हेतु सम्बन्धित तहसील से पुलिस बल का सहयोग प्राप्त करके इस कार्यवाही से अवगत करायेगें।

# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग द्वारा जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग जनपद जौनपुर के तत्वाधान में दिनांक 18. 11. 2023 को जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मद हसन महाविद्यालय जौनपुर में किया गया, जिसमें जनपद जौनपुर के विभिन्न विकास खण्डों के 15 से 23 वर्ष के कलाकार एवं युवक और महिला मंगल दल के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता एवं विशिष्ठ अतिथि धनंजय सिंह डीसीएफ चेयरमैन रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया उसके पश्चात आये हुये अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि पीयूष गुप्ता ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सांस्कृतिक विधाओं एवं परंपरागत लोक संस्कृतियों के प्रति अभिरुचि उत्पन्न कर उनकी प्रस्तुति कराया जाना है। इस आयोजन के जरिए युवाओं को बदलते सांस्कृतिक परिवेश को जानने समझने का मौका मिलेगा।

विशिष्ट अतिथि धनन्जय सिंह ने बताया कि महिलाओं को शारीरिक संवर्धन से संबंधित प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई जिसमें उन्हें ग्रामीण अंचलों में खेलकूद कार्यक्रम आयोजित कर खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया जिससे ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास पुष्ट हो सके और साथ ही उनमें नेतृत्व की क्षमता एवं कौशल का विकास हो सके।

जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव में नवीनीकृत लोकगीत, लोकनृत्य की विधाओं में ग्रुप व एकल रूप से मंचन, कहानी लेखन, पोस्टर बनाना, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता होगी लाइफ स्किल के अन्तर्गत प्रतियोगिता स्टोरी राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, व्याख्यान व फोटोग्राफी, गीटार, सितार, तवला वादन का प्रतियोगिता हुआ।

स्टोरी राइघटिंग में अवन्तिका गुप्ता प्रथम, राजन पाण्डेय द्वितीय एवं आसमा तृतीय स्थान प्राप्त किये।

फोटोग्राफी में साकिब प्रथम सरफराज द्वितीय एवं अंजली मौर्या तृतीय स्थान प्राप्त किये।

पोस्टर मेकिंग में अभिषेक प्रथम, चेतन जायसवाल द्वितीय दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समूह लोकगीत में निधी ग्रुप मोहम्मद हसन पी.जी कालेज जौनपुर ने प्रथम और एकता ग्रुप विकास खण्ड करंजाकला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह लोक नृत्य में बुलन्दराज ग्रुप करंजाकला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एवं एकल लोक नृत्य में जान्हवी ने प्रथम स्थान व प्रीतम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

एकल लोक गीत मे तेजू ने प्रथम व विकास सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# स्तन पुनर्निर्माण के बारे में फिल्म पावर ऑफ चॉइस प्रदर्शित की गई




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। स्तन पुनर्निर्माण के लिए जागरूकता बढ़ाने और समर्थन को बढ़ावा देने के एक ठोस प्रयास में, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट और कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी इंस्टीट्यूट, लखनऊ के सहयोग से 18 नवंबर 2023 को स्तन कैंसर सर्जरी के बाद स्तन पुनर्निर्माण के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्तर भारत में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य जनता को मास्टेक्टॉमी के बाद स्तन पुनर्निर्माण के शारीरिक और भावनात्मक महत्व के बारे में शिक्षित करना, साझा अनुभवों और सशक्तिकरण के लिए एक मंच प्रदान करना है।

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की क्षेत्रीय प्रमुख महालक्ष्मी सुब्रमणि थीं। हमारे विशेष अतिथि महिमा चौधरी अभिनेत्री, स्तन कैंसर सर्वाइवर सामाजिक कार्यकर्ता और श्रीमती छवि मित्तल स्तन कैंसर सर्वाइवर, अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर थीं।

कार्यक्रम में डॉ. आर के धीमान निदेशक एसजीपीजीआई, डॉ. विनय कांत शंखधर, प्रोफेसर और हेड प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल उपस्थित थे।

डॉ. पंकज चतुर्वेदी, प्रोफेसर एवं उपनिदेशक

कैंसर महामारी विज्ञान केंद्र, डॉ. भागवत माथुर, संस्थापक सदस्य, ठत्ै।, डॉ. प्रदीप गोइल, अध्यक्ष, ठत्ै। और पूर्व एचओडी प्लास्टिका एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी एसएमएस जयपुर, डॉ. अंकुर भटनागर, सचिव, ठत्ै।।

प्रोफेसर प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी एसजीपीजीआई

उपस्थित लोगों को एक ज्ञानवर्धक सत्र दिखाया गया, जिसमें स्तन पुनर्निर्माण के बारे में फिल्म श्पावर ऑफ चॉइसश प्रदर्शित की गई, जिसमें स्तन कैंसर से बचे उन लोगों की प्रेरणादायक व्यक्तिगत कहानियाँ थीं, जिनका पुनर्निर्माण हुआ था। प्रतिष्ठित चिकित्सा पेशेवरों और अधिवक्ताओं ने प्रतिभागियों को जानकारीपूर्ण चर्चाओं में शामिल किया, और स्तन पुनर्निर्माण की जटिलताओं से निपटने वालों के लिए मूल्यवान संसाधन प्रदान किए।

कार्यक्रम की सफलता प्रतिभागियों के बीच विचारों और अनुभवों के जीवंत आदान–प्रदान से स्पष्ट थी।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. विनय कांत शंखधर ने कहा, श्हमारा मानना है कि स्तन पुनर्निर्माण के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देकर, हम व्यक्तियों को उनकी स्तन–उच्छेदन के बाद की यात्रा के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

जागरूकता कार्यक्रम को पूरे देश में कई ॅ। केंद्रों पर प्रसारित किया गया। यह कार्यक्रम ब्रेस्कॉन 2023 का एक हिस्सा था जो ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्टिव एंड एस्थेटिक सर्जन एसोसिएशन (ठत्ै।) का 10वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है। आयोजकों को उम्मीद है कि जागरूकता के माध्यम से कोई भी महिला स्तन कैंसर के संदेह के साथ डॉक्टर के पास जाने से नहीं डरेगी क्योंकि उसे डर होगा कि वह विकृत महसूस कर सकती है और हर महिला में स्तन कैंसर की कठिन यात्रा का सामना करने और इससे बाहर आने का आत्मविश्वास होगा।

संगठन स्तन कैंसर से प्रभावित व्यक्तियों को समर्थन और सशक्त बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कार्बन ब्लैक उद्योग में रोजगार की असीम संभावनाएं-सदानंद पाठक

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग एवं सेंट्रल ट्रेनिग व प्लेसमेंट के तत्वावधान में एकेडमिक इंडस्ट्री इंटरेक्शन के अंतर्गत ष्कार्बन ब्लैक में रोजगार की संभावनाष विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता कॉन्टिनेंटल कॉर्बन इंडिया के सदानंद पाठक ने कार्बन ब्लैक के बनने की प्रक्रिया से लेकर विभिन्न उपयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ता ने बताया की प्लेन से लेकर साइकिल के टायर में कार्बन ब्लैक का प्रयोग होता है। उन्होंने बताया की कॉर्बन ब्लैक की गुणवत्ता नौ ग्रेड पर मापी जाती है। भारत में सात ग्रेड के कार्बन ब्लैक बनते है। इनका उपयोग पेंट उद्योग में, इंक में तथा अन्य जगह पर रंजक के रूप में होता है।

इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कहा की विभाग निरंतर विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के साथ रोजगार के लिए प्रतिबद्ध है। व्याख्यान का संचालन एमएससी के छात्र मंजीत गुप्ता व हर्ष प्रताप सिंह ने किया स धन्यवाद ज्ञापन रसायन विभाग के डॉ. नितेश जायसवाल ने किया स इस अवसर पर डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. विजय शंकर पाण्डेय व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया जाए : सीडीओ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता मे जिला पोषण समिति की बैठक शुक्रवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग,खाद्यान्न वितरण, सहयोग एप, संभव अभियान, बाल पिटारा, ई–कवच पर सैम बच्चों के नामांकन सहित डिजिटल आईसीडीएस, आंगनवाड़ी भवन निर्माण की स्थिति, लर्निंग लैब निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्रों पर बाला पेंटिंग शौचालय निर्माण सहित अन्य संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित किया कि सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया जाए आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मशीन, इन्फैंटोमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अनुपूरक आहार के अंतर्गत 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों हेतु उचित व्यवस्था, तथा स्वास्थ्य एवं पोषण के अंतर्गत वीएचएसएनडी के लिए जगह चिन्हित करें। समुदाय आधारित कार्यक्रम के अन्तर्गत आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गोदभराई, अन्नप्राशन, टीकाकरण की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि संभव अभियान तथा एनआरसी एडमिशन के तहत जहां भी फॉलोअप कम है वहा एमओआईसी और स्वास्थ्य विभाग के साथ इसकी फीडिंग कराए, छूटे हुए केंद्रों पर मॉकअप राउंड चलाएं, और आवश्यक होने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षण भी दिलाए।

इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास अधिकारी, एसीएमओ, सीडीपीओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका: डां आर.एस.पटेल

## -सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भारी संख्या में बच्चों ने किया प्रतिभाग

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर–जनपद के जफराबाद विधान सभा क्षेत्र के नोकरा मनापुर गांव में सरदार पटेल जयन्ती एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्यइस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर.एस.पटेल रहेद्य कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि सहित तमाम लोगों ने सरदार पटेल व डा0 अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गयाद्य कार्यक्रम के दौरान आये हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया द्यकार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ आर.एस. पटेल ने कहा कि सरदार पटेल के द्वारा जो कार्य देश हित में किया गया द्यउसको हम सभी लोग कभी भुला नहीं सकते देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की सबसे अहम भूमिका रही है द्यअपने उद्बोधन में उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों से अपील करते हुए बच्चों से कहा कि आप लोग भी महापुरुषों को पढ़े और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का कार्य करे ताकि आने वाले समय में आपके साथ आपके परिवार वह समाज का विकास हो सकेद्य आज महापुरुषों की विचार धारा पर काम करने की आवश्यकता हैद्य ताकि देश का विकास हो सके प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट एवं विशेष पुरस्कार वितरित किया गया द्यइस दौरान सरदार सेना जिला इकाई जौनपुर के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल,राष्ट्रीय सचिव सुधीर सिंह पटेल,धीरज शर्मा,डॉ ओमशंकर प्रजापति,हरिशंकर पटेल,जिला पंचायत सदस्य सुनीता पटेल,ममता पटैल,दिपेन्द्र पटेल,वृजेन्द्र पटेल,बृजेश कुमार,सूबेदार पटेल,पवन पटेल,सुमित पटेल,हरिशचन्द्र,किशन पटेल,अमर सिंह,रविन्द्र गौड़,शेषमणि गौड़,सुरेश पटेल, सहित तमाम साथी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन राजकुमार पटेल व अध्यक्षता प्यारे लाल वर्मा ने किया।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मुख्य सचिव का आभार व्यक्त किया

संवाददाता

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जे एन तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे, उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, ओम प्रकाश पांडे ,निरंजन कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री अरुणा शुक्ला, मीडिया संयोजक राजेश निराला एवं सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर स्वाति सिंह ने मुख्य सचिव द्वारा निर्गत 16 नवंबर 2023 के उस आदेश का स्वागत करते हुए मुख्य सचिव का आभार प्रकट किया है, जिसके माध्यम से प्रदेश के समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव ,प्रमुख सचिव, सचिव ,विभाग अध्यक्ष एवं जिला अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी करते हुए संगठनों के पदाधिकारियों के साथ प्रत्येक माह बैठक कर कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। आज लखनऊ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया है कि संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी के नेतृत्व में 30 अक्टूबर 2023 को संयुक्त परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं पर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से अवगत कराया था ।

उन्होंने अवगत कराया है कि चिकित्सा स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर विकास ,उच्चध् माध्यमिक ध् बेसिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, खाद्य रसद, वन, लोक निर्माण, वित्त सहित कई विभागों में कर्मचारियों की समस्याएं लंबित है। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आज लखनऊ में एक वीडियो क्लिप जारी करते हुए मुख्य सचिव का आभार व्यक्त किया है एवं अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग के जनजाति विकास विभाग के 53 संविदा शिक्षकों की संविदा राशि में संशोधन का प्रकरण विगत दो माह से समाज कल्याण विभाग के बीच लटका हुआ है ।लैब टेक्नीशियन , फाइलेरिया निरीक्षक, सहायक चकबंदी अधिकारी, आपूर्ति निरीक्षक सहित कई संवर्गों की वेतन विसंगतियों पर निर्णय वित्त विभाग में लंबित है। केंद्र सरकार द्वारा नई पेंशन योजना में किए गए संशोधन उत्तर प्रदेश में लागू करने का प्रकरण वित्त विभाग में वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है। खाद्य रसद विभाग में 10 वर्षों से आशुलिपिक एवं लिपिक संवर्ग में पदोन्नति नहीं हुई है ।नगरीय परिवहन सेवाओं के संविदा चालक ,परिचालक की समस्याओं का निस्तारण नगर विकास विभाग में लंबित है। आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने एवं सेवा संरक्षण किए जाने से संबंधित प्रकरण सूक्ष्म ,लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग में तथा श्रम विभाग में लंबित पड़ा हुआ है।

## पर्यटन मंत्री मेरठ, फिरोजाबाद एवं मैनपुरी के दौरे पर

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 17 से 19 नवम्बर तक मेरठ, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री आज प्रातः से प्रस्थान कर अपराह्न 02 बजे जिमखाना मैदान बच्चा पार्क मेरठ में स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।कल 18 नवम्बर को एकरसानन्द आश्रम मैनपुरी मेंआयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक शिविर कार्यालय निकट रेलवे क्रासिंग करहल रोड मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मोगांव रोड मैनपुरी में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में भाग लेंगे।पर्यटन मंत्री 19 नवम्बर को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 01 बजे तक सिरसागंज, फिरोजाबाद कैम्प कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे।

# गैर विवादित संपत्ति बंटवारा लटकाया तो नपेंगे एसडीएम

संवाददाता

लखनऊ। गैरविवादित संपत्तियों के बंटवारे के मामलों को लटकाया तो उप जिलाधिकारियों को भारी पड़ेगा। राजस्व परिषद पता लगायेगा कि आने वाले आवेदनों की सुनवाई तय समय पर क्यों नहीं हो पा रही है। लापरवाही पर एसडीएम को हटाने के लिए नियुक्ति विभाग को लिखा जाएगा। प्रदेश में 16 अक्तूबर तक 482238 संपत्ति बंटवारे के मामले आए, जिसमें से 313282 मामलों का निस्तारण हुआ और अभी 168956 मामले लटके हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गैर विवादित मामलों में संपत्तियों के बंटवारा तय समय पर कराने के निर्देश दे चुके हैं, जिससे विवाद की स्थिति न पैदा होने पाए और लोगों को राहत मिल सके। राजस्व संहिता की धारा–16 में दी गई व्यवस्था के आधार पर आवेदन के छह माह में संपत्तियों के बंटवारे का अधिकार उप जिलधिकारियों को दिया गया है। एसडीएम न्यायालयों में आने वाले ऐसे मामलों का परीक्षण कराने के बाद गैर विवादित होने की स्थिति में संपत्तियों का बंटवारा कर दिया जाना चाहिए। इसके बाद भी तय समय के अंदर ऐसा नहीं हो पा रहा है ।उच्च स्तर पर पिछले दिनों संपत्तियों के बंटवारें से लेकर अन्य मामलों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ तेजी तो आई है, लेकिन अपेक्षाकृत अभी भी मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। राजस्व परिषद स्तर पर अब इसको लेकर यह पता लगाया जा रहा है कि आखिरकार इसके लिए कौन जिम्मेदार है। इस पहलू का भी पता लगाया जा रहा है कि इसके पीछे अधिवक्ताओं की होने वाली हड़ताल और बार–बार कार्य बहिष्कार किया जाना तो नहीं है। वाजिब कारण न होने की स्थिति में दोषी एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई के लिए नियुक्ति विभाग को पत्र भेजा जाएगा।

# भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर यूपी में कांग्रेस निकाल सकती है पद यात्रा

संवाददाता

लखनऊ। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपने संगठन के ढांचे को मजबूत करने में जुटी है। कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए कांग्रेस यूपी में एक पद यात्रा निकाल सकती है। इसके संकेत होने वाले लोकसभा चुनाव के सिलसिले में हुई बैठक के दौरान मिले हैं। कांग्रेस की बैठक में पदाधिकारियों ने सुझाव दिए हैं कि पार्टी को जनता के बीच जाना चाहिए। इसके लिए आंदोलन और यात्रा सशक्त माध्यम है। वहां पर मौजूद एक पदाधिकारी ने जिक्र किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा काफी सराही गई है। इस यात्रा ने कांग्रेस को पूरे देश में बूस्टर डोज दी है। ऐसी ही लोकसभा चुनाव के पहले अगर यूपी में पैदल यात्रा निकाली जाएगी तो लोगों से जुड़ाव होगा और पार्टी को भी मजबूती मिलेगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। वरिष्ठ पदाधिकारियों से जो भी सुझाव मिले है, उन पर विचार किया जायेगा। हम लोग दिसंबर में एक पद यात्रा की योजना बना रहे हैं। हालांकि उसका स्वरूप और रूट क्या होगा। इस बारे में जब रणनीति बनेगी तब जानकारी दी जाएगी। कांग्रेसियों का मानना है कि पद यात्रा के माध्यम से हम संगठन की ताकत तो बढ़ाएंगे ही। इसके अलावा जो नाराज लोग भी इसमें जुड़ेंगे तो पार्टी की शक्ति और बढ़ जायेगी। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है।

## अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को 21को सम्मानित करेगा चाणक्य परिषद

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददता) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट चौदह कोसी परिक्रमा मे निःशुल्क चाय पानी दवा का कैम्प लगेगा वही पर अधिवक्ता संघ फैजाबाद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को मंगलवार को 12 बजे दिन मे सम्मानित करेगा।यह निर्णय परिषद की बैठक मे लिया गया।आगामी 21 नवंबर आचार्य चाणक्य के जन्मदिन कार्तिक शुक्ल पक्ष अक्षय नवमी तिथि पर 14कोसी परिक्रमा पर सूरजकुंड मे निःशुल्क जल प्याऊ चायपानी वह दवा उपचार का कैम्प परिक्रमा में आए हुए राम भक्तों के सेवा के लिए 20 बट्टा 21 की रात 2रू00 बजे से लगाया जायेगा।यह जानकारी परिषद के जिला महामन्त्री लषणधर त्रिपाठी ने दिया है। कि कैंप में परिषद से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने की है। निशुल्क कैंप परिषद अपने स्थापना कल से ही लगता चल रहा है।

## मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल पैथोलॉजी का शुभारंभ

अयोध्या।मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में सेंट्रल पैथोलॉजी लैब का हुआ शुभारंभ, सांसद लल्लू सिंह व राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने शुभारंभ किया। जिसमें सामाजिक संगठन सेवा भारती ने लगभग 30 लाख रुपए की तीन मशीनों का किया दान किया।मिली जानकारी के मुताबिक इससे 250 तरह के ब्लड टेस्टिंग हो सकेंगे।वही 2 से 4 घंटे में रिपोर्ट मिलेगी।इसमे कैंसर मार्कर, इनफर्टिलिटी, विटामिन व हार्मोन की भी जांच संभव है।मानसिक रोग विभाग में ईसीजी मशीन का भी शुभारंभ हुआ। जिस पर लगभग 23 लाख रुपए की लागत आई है। इससे अनिद्रा व अन्य मानसिक रोगियों की जांच हो सकेगी।इस मौके पर सेवा भारती के प्रांत प्रमुख देवेंद्र अवस्थी, अनिल अग्रवाल,मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ ज्ञानेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके सिंह, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रशासनिक डा एसपी बंसल, चिकित्सा अधीक्षक डायग्नोस्टिक डॉ डीके सिंह पूर्व प्रधानाचार्य डॉ सत्यजीत वर्मा व वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ पारस खरबंदा, डॉ अंजू सिंह, डॉ स्नेहांशु शुक्ला, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रणविजय, डॉ देबोजित, डॉ मयंक,डॉ गौरव आदि उपस्थित रहे।

## डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के शोधार्थी अमित को अमेरिका में युवा वैज्ञानिक का मिला सम्मान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददता) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के शोध छात्र अमित कुमार मिश्र ने अमेरिका के केंटकी प्रांत के लुइविल शहर में भारत और विश्वविद्यालय का परचम लहराया है। मिश्र वर्तमान में प्लास्टिक प्रदूषण पर शोध कार्य कर रहे हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश की दो मुख्य नदियां लखनऊ में गोमती और अयोध्या के सरयू में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी व उनका स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर शोध कर रहे है। उन्होंने अपना शोध कार्य अमेरिका के केंटकी प्रांत के लुइविल शहर में 12 से 16 नवंबर 2023 तक आयोजित अमेरिकी संस्था सीईटीएसी की कांफ्रेंस में प्रस्तुत की। उत्तर प्रदेश से इकलौते शोध छात्र के रूप सहभागिता की। इस कार्यक्रम में अन्य देशों के वैज्ञानिकों का जमावड़ा रहा।शोधार्थी अमित को इस सम्मेलन में प्रतिभाग के लिए साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड के इंटरनेशनल ट्रैवल स्कीम के तहत युवा वैज्ञानिक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके इन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वर्तमान में विश्वविद्यालय के प्रख्यात पर्यावरणविद्व प्रो0 जसवंत सिंह के दिशा–निर्देशन में शोध कार्य कर रहे है। शोधार्थी के इस उपलब्धि पर विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो0 जसवंत सिंह ने शोधार्थी को बधाई देते हुए शोध कार्य को और उच्चतम स्तर पर ले जाने का सुझाव दिया। अमित ने इस सफलता पर माता–पिता व अयोध्या सांसद, लल्लू सिंह, पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला, डॉ0 अरविंद बाजपेयी, डॉ0 इरसाद अहमद सहित अन्य के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ

अयोध्या।नगर कोतवाली के चौक क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने गत दिनों किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।जिसकी हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस संबंध में जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि लगभग 52 वर्षीय मीरा वर्मा पत्नी राजेश कुमार वर्मा निवासी चौक कोतवाली नगर को दोपहर बाद 12रू50 बजे लाया गया था।विवाहिता की हालत गंभीर देख इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर सत्येंद्र वर्मा ने उसको भर्ती कर उपचार शुरू किया है। महिला को प्वायजनिंग की शिकायत है।अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है।

## यातायात माह दिवस के तहत एसएसपी ने लिया वाहन चेकिंग अभियान का जायजा

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददता) यातायात माह के बीच जनपद पुलिस ने कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल संपन्न कराने की कवायद के तहत गुरुवार को पूरे जनपद में सघन जाँच और कार्रवाई का अभियान चलाया।एसएसपी राज करण नैय्यर ने इस अभियान का निरीक्षण कर आवश्यक हिदायत दी है।वही यातायात माह दिवस के तहत उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान का जायजा भी लिया।

कार्तिक पूर्णिमा मेले के विभिन्न पड़ावों परिक्रमा और स्नान को सकुशल संपन्न कराने की कवायद में जुटी जनपद पुलिस की ओर से यातायात माह में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पूरे जिले में पुलिस और यातायात पुलिस की ओर से दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जाँच की गई और नियम पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध शमन की कार्यवाही की गई। एसएसपी ने अभियान में परिक्रमा मार्ग व श्रृद्धालुओं से संबंधित महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण कर निर्मित बैरियर,ड्यूटी पाइन्ट आदि का निरीक्षण किया। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि यातायात माह के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है तथा चालकों व आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्तिक मेले को लेकर बैरियर व पिकेट का निरीक्षण कर पुलिस बल को सतर्कता के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए हैं।

# राम पथ के तीनों फेज का सम्पूर्ण कार्य को दिसम्बर तक कैसे होगा पूरा ?

### *निर्माणाधीन पथों की समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों मांगा जवाब*

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या में निर्माणाधीन विभिन्न पथों यथा जन्मभूमि पथ, रामपथ, भक्ति पथ, धर्मपथ, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने कहा कि निर्माणाधीन राम पथ के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों फेसों के सम्पूर्ण कार्य को दिसम्बर अन्त तक कैसे पूरा करेंगे, इसकी क्या कार्ययोजना होगी इसका विवरण लोक निर्माण विभाग के अधिकारी प्रस्तुत करें तथा रामपथ सहित अन्य पथों जिन्हें प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है उन पर पुनः अतिक्रमण न होने पाये इसकी भी कार्ययोजना का विवरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन राम पथ के समस्त कार्यो को दिसम्बर अन्त तक पूरा किया जाना है इसके लिए सभी सम्बधित विभाग के अधिकारी युद्धस्तर पर कार्य करें तथा इसकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। राम पथ की मीडियन की डिवाइडर के जो बहुत बेतरतीव ढंग से जोड़े जा रहे है,को तत्काल अच्छी कार्य कुशलता के साथ बेहतर संरेखण से जुड़वायें।उन्होंने कहा कि जहां पर अण्डरग्राउण्ड विद्युत केबिल पड़ चुकी है उन खम्भों को तत्काल हटवायें तथा समस्त पथों पर लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता विशिष्टियों के अनुरूप ही हो। मंडलायुक्त ने पथ के किनारे एकरूपकताध्आकर्षकता के उद्देश्य से पथ को 12 चौनेजो में विभाजित कर कराए जा रहे फसाड डिजाइनिंग के कार्यो का प्रत्येक चौनेजवार सम्बन्धित ठेकेदारो से प्रगति जानी तथा कहा कि इस कार्य को नवम्बर अन्त तक पूरा किया जाना है इसलिए सभी सम्बंधित कार्य को तीव्र गति से पूरी गुणवत्ता के साथ करवायें। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं यथा भक्ति पथ,धर्मपथ आदि के प्रगति की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डी0एफ0ओ0 सितांसु पांडेय,अपर जिलाधिकारी (नगर) सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) अनिरूद्ध प्रताप सिंह, सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण सतेन्द्र कुमार सिंह,मुख्य अभियन्ता पीडब्लूडी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण एवम अन्य उपस्थित रहे।

# आईपीपीबी से घर बैठे जमा करें सुकन्या, पीएलआई, आरडी पीपीएफ-एच के यादव।

### डाक जीवन बीमा का विशाल महालागिन 21 नवम्बर को।

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) डाकघर में अब जमा के लिए आने की जरूरत नहीं है इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाकर मोबाइल एप के माध्यम से पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, आरडी में जमा के साथ साथ डाक जीवन बीमा में किश्त जमा कर सकेंगे । इससे लाखों डाकघर के ग्राहकों को प्रत्येक माह डाकघर पहुंच कर अपने खाते में पैसा जमा करने आने से निजात मिल सकेगा साथ ही कितना पैसा जमा हुआ और कितना बैलेंस है उसी समय पता चल जायेगा । उक्त बातें अयोध्या मण्डल डाकघर कार्यालय में बैठक के दौरान योजना की शुरुआत करते हुए अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव ने जानकारी दिया यह भी बताया कि आने वाली 21 नवम्बर को अयोध्या अम्बेडकरनगर के सभी डाकघरों में डाक जीवन बीमा की विशाल महालागिन आयोजित किया जायेगा इसमें तत्काल पॉलिसी करने की सुविधा होगी । वही इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सुविधा की शुरुआत करते हुए श्री यादव ने यह भी कहा कि पुलिस, शिक्षक तथा सरकारी प्राइवेट कर्मचारियों के व्यस्त तथा भाग दौड़ के जनजीवन में डाकघर तक आने में समय नही मिल पाता है जिससे केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का वह लाभ नही ले पाते हैं इसलिए डाकघर के ग्राहकों की सुविधा में इजाफा करने के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से घर बैठे आरडी, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ में जमा के साथ साथ पीएलआई में किश्त जमा करने की सुविधा शुरू किया गया है इससे जहाँ ग्राहकों को डाकघर आने से बचत होगी वहीं पुलिस, शिक्षक एवं कर्मचारियों का समय भी बचेगा जिसे वह अन्य कार्यों में प्रयोग कर सकेंगे साथ ही बार बार जमा पर्ची भरने से निजात मिल सकेगा । इस दौरान सहायक अधीक्षक ओमेश्वर सिंह, अनिल द्विवेदी, परिवाद निरीक्षक राजेश्वर दूबे, दीपक मौर्य, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, विकास अधिकारी चंद्रेश वर्मा, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्तसचिव की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का पहुंचे लाभ-सचिव

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा ने डीएम अयोध्या नितीश कुमार,जिलाधिकारी बस्ती आन्द्रा वामसी व सीडीओ अयोध्या अनिता यादव के साथ जनपद में होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक सर्किट हाउस अयोध्या में की। यह यात्रा देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है।उन्होंने कहा कि जनपद में मोबाइल वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाए। ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए. प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो, वीडियो के साथ इसकी पूरी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने अनेक स्तर पर प्रयास किए हैं। 26 जनवरी तक पूरे प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में मोबाइल बैन संचालन व रूट चार्ट के सम्बंध में जिलाधिकारी के निर्देश पर उप सूचना निदेशक डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय अपर महानिदेशक (पीआईवी) पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार डा0 विजय कुमार पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार एवं सूचना अधिकारी पीआईवी सुन्दरम चौरसिया (मो0न0–9560588288)से वार्ता हुई जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया गया कि शीघ्र ही रूट चार्ट व मोबाइल बैन संचालन की समस्त तैयारियां पूरी कर ली जायेंगी। इस अवसर पर पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 आर0 पी0 सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भव्य श्री राम लीला का हो रहा मंचन, संवाद की धुन पर की जा रही प्रस्तुति।

### *लाइव के माध्यम से भी किया जाता है कार्यक्रम का प्रसारण, जिससे दूर दराज बैठे लोग भी उठा रहे लीला का आनंद*

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सरैठा में अनवरत कई वर्षों से भव्य श्री रामलीला का मंचन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण कलाकारों द्वारा संवादकीए लीलाओं की प्रस्तुति की जा रही है। कार्यक्रम दीपक कुमार सिंह ष्गुरु जीष के निर्देशन में कराया जा रहा है सीन पर डायरेक्शन से लेकर संपूर्ण लीलाओं में प्रत्येक कलाकारों पर नजर बनाए रखते हैं तथा इस कार्यक्रम की पहले से ही तैयारी करवाते हैं।

कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार सामाजिक कार्यकर्ता नितेश सिंह की अध्यक्षता में कुशलता पूर्वक चल रहा है। मंगलवार को भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ बालाजी बैहारी धाम के महंत श्री श्री 108 बाबा अभय नाथ, खाकी दास स्थान के महंत श्री श्री 108 बाबा राम भजन दास, राम धन दास सहित गांव व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में हुआ जो अनवरत 24 तक चलेगा। बीती रात्रि कार्यक्रम में रावण द्वारा कैलाश पर्वत उठाना व शिव जी से चंद्रहास प्राप्त करना, राम जन्म, ताड़का वध, की सुंदर प्रस्तुति की गई कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोगों ने कलाकारों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन भी किया। आज की लीला में भगवान श्री राम विवाह की सुंदर प्रस्तुति की जायेगी जिसके लिए भगवान श्री राम के लिए रथ तैयार किया जा रहा है भव्य तरीके से गाजे बाजे के साथ निकलेगी राम बारात जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख रुदौली भाजपा नेता सर्वजीत सिंह भी साथियों के साथ होंगे शामिल उनके साथ तमाम विभागों के अधिकारी गण भी होंगे शामिल। बीती रात्रि कार्यक्रम में क्षेत्र के पुरायं गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष भाकियू भोला सिंह टाइगर, दुर्गेश तिवारी सहित तमाम लोग दूर दराज से उपस्थित हुए। सुरक्षा की दृष्टि से पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश व हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र यादव कार्यक्रम के दौरान लगातार दलबल के साथ मौजूद रहे।

## अयोध्या डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह 29 को जिसकी अध्यक्षता करेंगी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह 29 को होगा।

123 स्वर्णपदक एवं 1858 उपाधियां प्रदान की जायेगी

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह 29 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। इस समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली के सदस्य डॉ0 अफरोज अहमद होंगे। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के योगेन्द्र उपाध्याय एवं राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी होंगी। इस दीक्षांत समारोह में छात्र–छात्राओं को कुल 123 स्नातक, परास्नातक एवं दानस्वरूप स्वर्णपदक प्रदान किये जायेंगे। इसमें स्नातक एवं परास्नातक के 1787 एवं 71 पीएचडी की उपाधि प्रदान की जायेगी। इस दीक्षांत समारोह की शुरूआत कुलाधिपति द्वारा जल भरों कार्यक्रम से की जायेगी। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित प्राथमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं को राज्यपाल द्वारा स्मृति चिन्ह स्वरूप भेट व आशीर्वाद प्रदान किए जायेंगे। इसके अलावा उनके द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट प्रदान करेंगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा–निर्देश में समितियों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# जनपद अयोध्या समाचार विशेष...छठ पूजा...

### नहाय खाय के साथ आज से शुरू होगा छठ पर्व

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया है ।

18 नवंबर को खरना,

19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और 20 को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनों के पर्व का समापन होगा।

सरयू के घाटों के अलावा गोसाईगंज के तमसा तट पर छठ पर्व की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं।

घाटों पर वेदियां सजकर तैयार हैं। पर्व का पहला दिन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी नहाय खाय के रूप में मनाया जाता है।

भोजन के रूप में कद्दू, चने की दाल और चावल ग्रहण किया जाता है।

घर के सभी सदस्य व्रती के भोजन करने के बाद ही भोज ग्रहण करते हैं।

इसके अगले दिन खरना मनाया जाता है।

इस दिन व्रती महिलाएं गुड़ की खीर का प्रसाद बनाती हैं। कार्तिक शुक्ल पंचमी को व्रती महिलाएं दिन भर उपवास रखने के बाद शाम को भोजन करती हैं। प्रसाद के रूप में गन्ने के रस की बनी चावल की खीर के साथ दूध, चावल का पिट्ठा और घी चुपड़ी रोटी बनाई जाती है।

तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को दिन में छठ प्रसाद बनाया जाता है। इसे ठेकुआ या टिकरी भी कहते हैं।

शाम को पूरी तैयारी कर बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाया जाता है। व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को जल और दूध का अर्घ्य देती हैं।

चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

'छठ को लेकर बढ़ी बाजारों में रौनक' छठ पूजा की खरीदारी के लिए गुरुवार को बाजारों में रौनक रही।

महिलाओं ने कोसी, पीतल का सूप, बांस का सूप, दहरा, डगरा, गन्ना, नारियल सहित पूजा के अन्य सामानों की खरीदारी की।

कपड़े की दुकानों पर साड़ियों की खरीदारी भी खूब हुई। श्रृंगार की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ रही।

'प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हैं छठ के लोकगीत'

साहित्यकार डॉ0 हरिप्रसाद दुबे बताते हैं कि छठ पर्व में गीत ही मंत्र हैं। इन गीतों में परिवार और संतान के साथ सूर्य, पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण की बात भी पीढ़ियों से चली आ रही है। सुबह के अर्घ्य से पहले गाए जाने वाले गीत कहवां बिलंबला हो सुरुज देव.. में सूर्यदेव के उगने में होने वाली देर के चलते हवा के मंद पड़ने, जीव और पक्षियों की व्याकुलता, नदी और व्रती महिलाओं के इंतजार के भाव मुखरित होते हैं।

केरवा के पांत पर उग हो सुरुज देव... जैसे गीत में केले के पत्ते पर सूर्यदेव से उगने की प्रार्थना की जा रही है।

उगी ना आदित मल अरघ दियाउ.. गीत में प्रार्थना की जाती है कि सूर्यदेव जल्दी प्रकट हों ताकि प्रकृति फिर से हरी–भरी हो सके।

'बांस और दूब से वंश की तुलना'

डॉ0 हरिप्रसाद के अनुसार, बांस व दूब की तुलना वंश से की गई है।

कांचहि बांस कै दउरवा, दउरा नइ–नइ जाय... गीत में कच्चे बांस की दौरी का जिक्र है जो बोझ से लचक रही है मगर टूटने को तैयार नहीं है। रीतियों में संतान को भी इसी तरह फलने–फूलने और दृढ़ रहने का आशीर्वाद दिया जाता है।

'अर्घ्य का मुहूर्त' 19 नवंबर – शाम 5रू22 बजे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

20 नवंबर– सुबह 6रू39 बजे उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

## चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएसराजा सुब्रमणि ने अग्निवीर भर्ती रैली का दौरा किया

संवाददाता

लखनऊ। सेना के मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने आज लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली का दौरा किया। उनको जोनल भर्ती अधिकारी मेजर जनरल मनोज तिवारी ने भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने रैली की व्यवस्था और पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए भर्ती में शामिल सभी कर्मियों की सराहना की।

# एस मेमोरियल प्लेवे स्कूल जाना बाजार में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम सम्पन्न



अयोध्या। विकास खण्ड तारुन क्षेत्र में जाना बाजार स्थित एस मेमोरियल प्लेवे स्कूल परिसर में सीबीएसई रीजनल ऑफिस प्रयागराज की तरफ से दिनांक 16 एवं 17 नवंबर 2023 को दो दिवसीय गुरु दीक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।इस मौके पर सभी प्रतिभागियों को कुशल प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सीबीएसई के करिकुलम एवं अन्य संबंधित प्रशिक्षण की ट्रेनिंग दी गई।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक सलिल कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जेपी पब्लिक स्कूल गोरखपुर एवं श्रीमती रेखा पचौरी रिटायर्ड प्रिंसिपल कानपुर ने अयोध्या एवं आसपास की जनपदों के तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रमेश चंद्र श्रीवास्तव, उप प्रबंधक सत्य श्रीवास्तव एवं आशीष श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य कौशल किशोर ने अपने विद्यालय एवं अन्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर एवं सीबीएसई के द्वारा निर्धारित किए गए नए कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त किया।

हिन्दी सांध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।